मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

■ वर्ष - 9 ■ अंक - 47 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 08 अगस्त से 14 अगस्त 2022 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये




### आरटीआई कार्यकर्ता को धमकी

## नवाब मलिक के भाई के खिलाफ मामला दर्ज



**मुंबई:** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के छोटे भाई इकबाल मलिक के खिलाफ एक आरटीआई कार्यकर्ता ने धमकी देने का मामला दर्ज कराया है. एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता विनोद सोनकांबले ने अपनी शिकायत में कहा है कि इकबाल मलिक ने पिछले महीने कुर्ला में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के वार्ड कार्यालय में उन्हें धमकी दी थी, जब उन्होंने इलाके में अवैध निर्माण का मुद्दा उठाया था. कार्यकर्ता ने कहा कि इस साल मई में उन्होंने बीएमसी अधिकारियों से संपर्क किया और कुर्ला में 80 से अधिक अवैध ढांचे के बारे में शिकायत की. ये ढांचे कथित तौर पर गुलाम मुस्तफा मलिक के थे, जिन्हें इकबाल मलिक जानते थे. बीएमसी अधिकारियों ने 25 जुलाई को उन ढांचों को ध्वस्त करने का आदेश दिया.

अधिकारी ने कहा कि शिकायत के मुताबिक, 26 जुलाई को जब सोनकांबले वार्ड कार्यालय पहुंचे, तो इकबाल मलिक ने उन्हें वहां धमकाया. कुर्ला थाने के एक अधिकारी ने कहा कि सोनकांबले ने अपनी शिकायत मुंबई पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त (जोन 5) को सौंप दी है, लेकिन अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है. इकबाल मलिक ने कहा, कार्यकर्ता ने मेरे खिलाफ जो भी आरोप लगाए हैं, वे झूठे और निराधार हैं. मैंने किसी को धमकी नहीं दी है.

## 23 अगस्त तक सड़कों के गड्ढे भरेगी बीएमसी




**मुंबई:** दो साल कोरोना के बाद इस साल पूरे हर्षोल्लास और बिना किसी प्रतिबंध के गणेशोत्सव मनाने की तैयारी हो रही है। गणेशोत्सव शुरू होने में सिर्फ 24 दिन बचे हैं। लेकिन गड्ढों के कारण सड़कों की हालत खराब है। बीएमसी ने सड़कों के गड्ढे भरने के लिए 15 अगस्त की डेडलाइन दी थी। जो अब बढ़कर 22-23 अगस्त हो गई है। सार्वजनिक गणेशोत्सव समन्वय समिति और बीएमसी कमिश्नर आईएस चहल की गणेशोत्सव तैयारियों को लेकर पिछले दिनों बैठक हुई थी। जिसमें चहल ने 15 अगस्त तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा किया था। लेकिन अब यह डेडलाइन बढ़ गई है। बीएमसी के उपायुक्त हर्षद काले ने दावा है कि 22 से 23 अगस्त तक मुंबई की सड़कों के गड्ढे भर दिए जाएंगे। जिससे विघ्नहर्ता का निर्विघ्न आगमन हो सकेगा।

बीएमसी में पूर्व नेता विपक्ष रवि राजा ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि भरा गया गड्ढा हफ्ते भर में उखड़ जा रहा है। कोल्ड मिक्स उपयोग यह कह कर शुरू किया गया था कि इससे सड़कें जल्दी खराब नहीं होंगी। इसके बावजूद महानगर की सड़कों की हालत खस्ता बनी हुई है। अब बीएमसी दो नई तकनीक से गड्ढे भरेगी। कोल्ड मिक्स का इस्तेमाल करने का समर्थन करनेवाले अधिकारी के खिलाफ बीएमसी क्या कार्रवाई करेगी। सपा विधायक रईस शेख ने कहा कि वादे के बावजूद सड़कें दुरुस्त नहीं की गई हैं। बड़ा सवाल यह कि गड्ढे भरी सड़कों पर गणपति का आगमन कैसे होगा ? काले ने कहा कि बीएमसी कमिश्नर आईएस चहल और अतिरिक्त आयुक्त पी वेलरासू ने सड़क विभाग के अधिकरियों को निर्देश दिया कि जहां भी सड़कों पर गड्ढे हैं, उन्हें तत्काल भरा जाए। बीएमसी उस रोड पर विशेष ध्यान दे रही है जहां से बड़ी संख्या में गणपति मूर्तियां दूसरे स्थानों पर जाती हैं। बीएमसी रोड डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि जिन इलाकों में ज्यादा गणपति मूर्तियों का निर्माण हो रहा है वहां हम ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।




## पैन कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर लोगों को लूटने वालों का पुलिस ने किया पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

### मुंबई में रहने वाले एक दंपत्ति के साथ ठगी की घटना हुई

**मुंबई :** मुंबई में हर दिन मासूम लोग ठगी और धोखाधड़ी का शिकार होते रहते हैं। हालांकि पुलिस लोगों को अपने स्तर पर शातिर बदमाशों और चोरों से बचने के लिए जागरूक करती रहती हैं। सतर्क रहने के बावजूद बहुत बार लोग ठगों और चोरों के सिखाए में आ जाते हैं और अपना नुकसान कर लेते हैं। ऐसे ही लोगों को ठगने वालों को मुंबई पुलिस ने धर दबोचा है। मुंबई पुलिस ने गुजरात से चार शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर लोगों की पैन कार्ड डिटेल मांगने के बहाने ठगने का आरोप है। यह चारों आरोपी काफी लोगों को ठग चुके थे। उन्हें पुलिस ने तब गिरफ्तार किया जब मुंबई में रहने वाले एक दंपत्ति के साथ ठगी की घटना हुई। मामला मुंबई के अंबोली का है।



**शातिर मांगते थे पैन कार्ड की डिटेल**

अंबोली पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा है कि, मुंबई पुलिस ने पड़ोसी राज्य गुजरात के सूरत से चार लोगों को पैन कार्ड अपडेट के लिए लोगों की डिटेल मांग कर उन्हें ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया है कि, रोहित घोस्ते नाम के एक शख्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद इन चारों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता रोहित घोस्ते अनुसार, मार्च में उसके मोबाइल फोन पर पैन कार्ड अपडेट के बारे में एक कॉल आया था और जरूरी डिटेल अपलोड करने के लिए एक लिंक पर क्लिक करने के लिए कहा गया था।

**लिंक पर क्लिक करते ही उड़ गए लाखों रुपये**

पुलिस ने कहा, 'घोस्ते की पत्नी द्वारा लिंक पर क्लिक करने के तुरंत बाद, उसके बैंक खाते से 1.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस से संपर्क करने के बाद सबसे पहले आशीष बोदरा और जेमिश विरानी की सूरत स्थित मोबाइल फोन की दुकान पर जांच शुरू हुई। दोनों हमें अपने सहयोगियों विपुल बोगरा और प्रदीप रंगानी के पास ले गए। हमने 153 क्रेडिट कार्ड, कई मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेज बरामद किए, जिनका इस्तेमाल इस रैकेट को चलाने में किया जा रहा था।'

## 1000 करोड़ का अवैध स्टूडियो ध्वस्त करने का आदेश

### पूर्व मंत्री असलम शेख के खिलाफ ऐक्शन में शिंदे सरकार

**मुंबई:** महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता असलम शेख की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। उनके खिलाफ महाराष्ट्र पर्यावरण मंत्रालय ने नोटिस जारी किया है। इसके अलावा मुंबई कलेक्टर और बीएमसी को कड़ा एक्शन लेने का निर्देश दिया है। आपको बता दें कि शेख पर मालवणी के मढ-मार्वे इलाके में एक हजार करोड़ रुपए के स्टूडियो घोटाले का आरोप लगा है। बीजेपी नेता किरीट सोमैया के मुताबिक असलम



शेख ने पर्यावरण के नियमों को ताक पर रखकर अवैध स्टूडियो का निर्माण करवाया था। अब इन्हीं पर कार्रवाई का आदेश सरकार की तरफ से दिया गया है। किरीट सोमैया के मुताबिक जल्द ही इन पर बुलडोजर चल सकता है।

बीजेपी नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने असलम शेख पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा की मढ-मार्वे इलाके में समंदर किनारे असलम शेख मित्र परिवार ने गैरकानूनी तरीके से एक हजार करोड़ रुपए की कीमत के अवैध स्टूडियो बनवाए हैं। जो पर्यावरण के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। ऐसे में महाराष्ट्र पर्यावरण मंत्रालय ने उसके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। ऐसे में जल्द ही इन अवैध स्टूडियो पर बीएमसी का बुलडोजर चल सकता है।

## गैंगरेप और हत्या की कोशिश के मामले में CM शिंदे ने IPS अधिकारी को सौंपी जांच, SIT का किया गठन...!

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक 35 साल की महिला के साथ हुई दरिंदगी के मामले में सीएम एकनाथ शिंदे ने जांच के आदेश दिए हैं। सीएम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच महिला आईपीएस अधिकारी को सौंपी है और एसआईटी का गठन किया है। एक आईपीएस रैंक की महिला पुलिस अधिकारी की अध्यक्षता में 7 सदस्यों की एक



एसआईटी पूरे मामले की जांच करेगी। सीएम शिंदे ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह मानवता का अपमान है और पूरी जांच फास्ट ट्रैक पर की जाएगी। सीएम ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक से भी चर्चा की। सीएम ने प्रशासन को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है कि पीड़ित महिला को हर संभव इलाज मिले और कोई नुकसान न हो। दरअसल गोंदिया से भंडारा जिले जा रही महिला के साथ गैंगरेप की घटना हुई थी। इसके बाद महिला की की बुरी तरह पिटाई करके उसकी हत्या की कोशिश भी की गई थी।

## संपादकीय

### हर घर तिरंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13-15 अगस्त के दौरान हर भारतीय से अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की है। इस अभियान को उन्होंने हर घर तिरंगा नाम दिया है। यह मोदी का एक और मास्टरस्ट्रोक साबित होगा। इससे विपक्षी दल और बैकफुट पर आ जाएंगे। वे न तो पूरी तरह से इसका विरोध कर सकते हैं और न समर्थन कर सकते हैं। विरोध करने का मतलब होगा राष्ट्रविरोधी कहलाने का खतरा उठाना, वहीं समर्थन करने का मतलब होगा मोदी के निर्णय से सहमति जताना। आज विपक्षी दल कोई ऐसा मुद्दा खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिसके जरिए वे आमजन की भावना से जुड़ सकें। ऐसे में वे न तो राष्ट्रविरोधी कहलाना चाहेंगे, न ही मोदी के समर्थन में खड़े हो सकेंगे। मोदी अतीत में भी इस तरह की अनेक अपील कर चुके हैं, जैसे कि सार्वजनिक स्थलों पर भारत माता की जय बोलना या राष्ट्रगान का सम्मान करना। भाजपा जनभावना को अपने पक्ष में करने के लिए राष्ट्रवाद का बहुत चतुराईपूर्वक उपयोग करने में माहिर हो चुकी है। इस तरह की अपीलों से भले ही देश की अर्थव्यवस्था को बूस्ट न मिले या शिक्षित युवाओं को रोजगार न मिले, लेकिन आमजन में राष्ट्रीय भावना जरूर बलवती होती है। वास्तव में आज भाजपा राष्ट्रवादी भावना पर एकाधिकार स्थापित कर चुकी है। 2014 के बाद से ही भाजपा देश में अपना जनाधार बढ़ाती जा रही है। उसने इस दौरान न केवल दो लोकसभा चुनाव बहुमत से जीते, बल्कि अनेक राज्यों में भी सत्ता पाई। 2009 में भाजपा का राष्ट्रीय वोट-शेयर 18.6% था, जो 2019 में बढ़कर 37.4% यानी लगभग दोगुना हो गया। हाल के सालों में भारत माता की जय का उद्घोष करने पर भी विपरीत विचार सामने आते रहे हैं। ऐसे अनेक अवसर थे, जब भारत माता की जय बोलने से इनकार करने पर लोगों को फटकार लगाई गई और उनकी पिटाई तक कर दी गई। महाराष्ट्र के विधायक वारिस पठान को भारत माता की जय नहीं बोलने पर सर्वसम्मति से विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इसी परिप्रेक्ष्य में कहा था कि इस नारे का दुरुपयोग सैन्यवादी भारत के निर्माण के लिए किया जा रहा है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के साथ लोकनीति-सीएसडीएस द्वारा किए गए अध्ययन से पता चलता है कि भारत माता की जय बुलवाने को भारतीयों का भरपूर समर्थन प्राप्त है। सर्वेक्षण में लगभग 50% लोगों ने कहा कि जो यह नारा लगाने से इनकार करता हो, उसे दंडित किया जाना चाहिए। केवल 28% ही इससे असहमत थे। राष्ट्रगान के प्रति भी ऐसा ही समर्थन सर्वेक्षण में पाया गया, जिसमें लगभग 59% लोगों ने कहा कि जो राष्ट्रगान के समय अपने स्थान पर उठ खड़ा नहीं होता, उसे सजा दी जाए। भाजपा के विचारधारागत वर्चस्व का यह आलम है कि अनुच्छेद 370 के उन्मूलन और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध करने की हिम्मत किसी विपक्षी दल ने नहीं की। उलटे अधिकतर पार्टियों ने समर्थन ही किया। इन परिघटनाओं से भारतीय राजनीति में आमूलचूल बदलाव आ गया है। भाजपा को चुनौती देने वाला केंद्र में आज कोई नहीं बचा है। राज्यों में जरूर कुछ क्षेत्रीय दल आज भी सत्ता बनाए हुए हैं। लेकिन अब वे भी राष्ट्रवादी एजेंडा को चुनौती देने में मुश्किलों का अनुभव कर रहे हैं।

– संपादक : छोटेलाल शर्मा

# इस बार मुंबई में सुनाई देगी गोविंदा आला रे आला की गूंज...

## गोविंदाओं को मिलेगा भाजपा और मनसे का 'सुरक्षा कवच'



**मुंबई :** करोना के कारण पिछले 2 साल पाबंदियां झेल चुका दही हांडी का त्योहार इस साल मुंबई समेत महाराष्ट्र में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महाराष्ट्र की शिंदे-फड़णवीस सरकार ने दही हांडी के दिन सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा कर दी है। इस वजह से गोविंदाओं में जोश दुगना देखने मिल रहा है। मुंबई समेत ठाणे और नवी मुंबई में गोविंदाओं की प्रैक्टिस भी शुरू हो चुकी है। बढ़ते समय के साथ गोविंदाओ के लिए इनाम की राशी बढ़ रही है। वैसे ही हांडी की ऊँचाई भी बढ़ रही है जो गोविंदाओ के लिए खतरा साबित होती है। लेकिन इस बार महानगर पालिका चुनाव के मद्दे नजर भाजपा और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने मुंबई और आसपास के इलाकों के गोविंदाओं के लिए बीमे का सुरक्षा कवच की घोषणा की है। इस योजना के तहत दही तोड़ने के लिए मानव मीनार बनाने वाले 1 हजार गोविंदाओं का 100 करोड़ का मुफ्त बीमा दिया जाएगा। मनसे नवी मुंबई शहर के अध्यक्ष गजानन काले ने अपील की है कि गोविंदा की टीमें 'सुरक्षा कवच' योजना का लाभ लेने के लिए मंडल के लेटरहेड पर अपनी उम्र के साथ गोविंदा के नाम दर्ज करें और उन्हें मनसे के केंद्रीय कार्यालय में जमा करें।

इस योजना के तहत गोविंदा के परिवार को दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये, स्थायी अपंगता की स्थिति में 10 लाख रुपये और दुर्घटना के कारण अस्पताल खर्च के लिए 1 लाख रुपये मिलेंगे।




ठाणे नगरसेवका मा.नम्रता भोसले यांस श्रावण महिन्यातील सोमवार ह्या पावन दिवसीय आपला आद्य ग्रंथ शुभाशीर्वाद व एक अविस्मरणीय भेट सौ.नंदिनी सोनवणे संपादिका व ग्रंथ प्रकाशिका ठाणे व इगतपुरी वाचनालय

## विनोद कजानिया का सत्कार



**मुंबई:–** समाजसेवी एवम कांग्रेस नेता विनोद कजानिया को महाराष्ट्र शासन द्वारा विशेष कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस नेता एड. दलजीत मान,मनीष कुशालकर, सन्नी काले एवम साथियों ने उनके मुलुंड कालोनी स्थित निवास स्थान पर जाकर शाल एवम पुष्प गुच्छ प्रदान कर सत्कार किया.

## हाथ जोड़कर है गुजारिश, बेटी को इंसाफ...।



दहेज की ज्वाला से जलती है जिंदगीयां।
दहेज के सहारे कहा पलती है, जिंदगीयां।।
आज कलम चलने लगी है, बेटी के अधिकार में।
क्योंकि हर जमाने की है, हर बेटी की हर हार में।।
में बताना चाह रहा, अपने सामाजिक दर्पण को।
घुट-घुट कर जो जी रही, बेटी के उस समर्पण को।।
सात फेरों का ही बंधन, जो सात वचनों के संग बनता है।
और आत्मा के विरंत से ,जीवन मे रंग भरता है।।
दोनों में झगड़ा तो प्रेम का प्रतीक, माना जाता है।
और प्रेम का होना उनके नजदीक, माना जाता है।।
लेकिन इस मौके पर, लड़का ताना कसे दहेज का।
लेकिन इस मौके पर टीवी, कूलर, मिक्सर, फ्रीजर, अलमारी संग सेज का।।
ऐसा मौका देख छोड़ता, उसको उसके हाल पर।
बेटी को जबाव ना मिलता, है जी इस सबाल पर।।
मन करता है, फिर पत्नी से मांग करता है तलाक की।
और फैंसले में गड्डियां, फैंकने लगता लाख की।।
समज खिलौना बेटी को, जीवन उसका बर्बाद करें।
तो समाज मे कोई बेटी, उससे ना विवाह करें।।
उसकी काली करतूतों का, ऐसा सबक सिखाना है।
कर सकें ना फिर विवाह, एक ऐसा कानून लाना है।।
घर बेटी लाचार हुई तो, खामियाजा भुगतेगा।
बात पैसों की है नही, पर कैसे जीवन सुधरेगा।।
सुन ले दुनियां एक दफा, में जिस कलम से कहता हूँ।
हर दर्द जो लिखता हूँ, उसे अपना कर सहता हूँ।।
हाथ जोड़कर है गुजारिश, बेटी को इंसाफ दिलाओ।
और सही लगे तो आप भी, एक ऐसा कानून पास कराओ।।

**'लेखक':- भारतीय सैन सेना करौली जिला मीडिया प्रभारी, एन्टी करप्शन एण्ड क्राइम कण्ट्रोल फोर्स ट्रस्ट स्क्वयड हैड जिला करौली (राजस्थान)- सतीश नापित पत्रकार करणपुर(घूँसई), 9509583985**

## गृह प्रवेश कार्यक्रम में पहुच कर दी शुभकामनाये।



**ठाणे :** केशव प्रसाद शर्मा जी के गृह प्रवेश में और सत्यनारायण की महापूजा में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। गृह प्रवेश घोड़बंदर रोड में बडी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद का लाभ लिया ।केशव जी के गृह प्रवेश में , भाजपा नगरसेवक गोरेगांव श्री ज्ञानमूर्ती व उनकी धर्मपत्नी नगरसेविका,एन सी पी कार्यकर्ता व समाजसेवी श्री बी पी शर्मा ,कदम कदम पेपर के प्रबंध संपादक श्री अनिल शर्मा , उद्योग पती श्री अशोक शर्मा घोड़बंदर रोड, मातादीन सेन व समाज के बहुत से पदाधिकारी बडी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया।केशव जी ने सभी का स्वागत किया ।

## राहुल शर्मा युवा नेता ने अपने निवास स्थान पर स्वप्निल बादेकर साहेब का किया सत्कार

**नालासोपारा :** राहुल शर्मा युवा नेता शिवसेना ने श्रावण मास में अपने निवास स्थान पर रुद्राभिषेक पूजा रखा जिसमे तमाम नेता गण व समाज सेवक पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किये और शिवसेना नेता तालुका प्रमुख मा. स्वप्निल बादेकर साहेब युवा सेना विधानसभा अधिकारी मा. रोहन दादा चव्हाण साहेब , अशोक शर्मा महासचिव अखिल भारतीय सविता महासंघ व कांग्रेश नेता ने भी रुद्राभिषेक में सम्मिलित होकर लिए प्रसाद और राहुल शर्मा ने सभी शिवसैनिक और मित्र गण को तहे दिल से आभार प्रकट किये।



## सीएनजी की दरों में एक बार फिर वृद्धि होने से
# महंगाई की आग

**मुंबई,** मोदी राज में चरणबद्ध बढ़ती महंगाई से आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। पेट्रोल-डीजल, सीएनजी, रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। पिछले महीने जीएसटी की नई दरें लागू की गई थीं, जिसके बाद दो रोज पहले सीएनजी की दरों में एक बार फिर वृद्धि होने से महंगाई की आग के और भड़कने की आशंका प्रबल हो गई है। वैसे तो हर वर्ग इसकी मार भुगत रहा है। लेकिन मुंबई में काली-पीली टैक्सी चलाकर मुंबइकरों की सेवा करने और अपना तथा परिवार का गुजर-बसर करनेवाला सीएनजी की कीमतों में वृद्धि से कुछ ज्यादा ही हताश नजर आ रहा है। काली-पीली चालकों ने ह्यमन की बातह्र कहते हुए कहा कि अब वॉचमैनी करना टैक्सी चलाने से बेहतर हो गया है।




अच्छे दिन का झांसा देकर सत्ता में आई वेंष्ठद्र की मोदी सरकार की नीतियों पर तंज कसते हुए टैक्सी चालक पूछ रहे हैं कि क्या यही अच्छे दिन हैं। वे मोदी सरकार पर सब सत्यानाश करने का आरोप भी लगा रहे हैं। सीएनजी की दरों में हाल ही में एक बार फिर वृद्धि होने से काली-पीली टैक्सीचालकों की परेशानी और बढ़ गई।

वर्तमान में सीएनजी की कीमत बढ़कर ८६ रुपए पहुंच गई है। महंगी होती सीएनजी के कारण टैक्सी का खर्च, मेंटेनेंस आदि का खर्च ७५ से ८० फीसदी हो गया है। इससे टैक्सी चालकों की बचत बेहद घट गई है। दिनभर की मशक्कत के बाद पूरी कमाई का २० से २५ फीसदी हिस्सा भी बचाना मुश्किल हो गया है। इसमें बचत पर टैक्सी चलानेवालों का हाल सर्वाधिक बुरा है। दक्षिण मुंबई निवासी संदीप मौर्य का कहना है कि १२ घंटा बचत की टैक्सी चलाकर महज ३५० से ४०० रुपए ही कमा पा रहे हैं।

मौर्य के मुताबिक दिनभर की मेहनत के बाद प्रति माह १२ हजार रुपए ही कमाई हो पाती है। ऐसे में वॉचमैनी करना ज्यादा अच्छा है। वॉचमैनी में १२ से १५ हजार रुपए आराम से वेतन मिल जाता है, इसके अलावा ओवर टाइम भी मिल जाता है। साथ ही खाने और रहने की परेशानी भी नहीं रहती है।

## जबरदस्त घाटे में प्राइवेट ट्रेन,
## आईआरसीटीसी को करोड़ों का नुकसान




**मुंबई,** भारतीय रेलवे ने बड़े ही धूमधाम से आईआरसीटीसी के अंतर्गत प्राइवेट ट्रेन का परिचालन शुरू किया था। रेलवे द्वारा अमदाबाद-मुंबई और लखनऊ-दिल्ली रूट पर प्राइवेट ट्रेन तेजस को चलाया गया, जो कि रेलवे के लिए फेल साबित हुई। ये ट्रेन रेल यात्रियों को नहीं लुभा पाई, जबकि इन ट्रेनों में आईआरसीटीसी हवाई जहाज की तर्ज पर यात्रियों को सुविधा दे रही है। उपरोक्त दोनों रूटों पर आईआरसीटीसी को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। रेलवे के अनुसार ये दोनों ट्रेनें हर साल जबरदस्त घाटे में आ रही हैं। यह घाटा इतना है कि तेजस ट्रेनों का संचालन जब से शुरू हुआ है, तब से ये ट्रेनें १५ करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान झेल रही है। बता दें कि रेलवे की प्राइवेट ट्रेनों का किराया भी आम ट्रेनों से ज्यादा है, जबकि इसमें सुविधाएं फ्लाइट की तर्ज पर दी जाती हैं। कोरोना के बाद से इन ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी लगातार घटाई-बढ़ाई गई। यात्री कम होने पर साल २०१९ से २०२२ के बीच इसका अस्थाई रूप से पांच बार परिचालन भी बंद किया गया। कोविड-१९ महामारी को ध्यान में रखते हुए, ये दोनों गाड़ियां लंबे समय तक परिचालन में नहीं थीं और यहां तक कि गाड़ियों के पेष्ठरे भी कम कर दिए गए थे। आईआरसीटीसी ने रेलवे बोर्ड को पत्र भेजकर चार्ज माफ करने की गुहार लगाई है, ताकि तेजस को घाटे से उबारकर यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और समयबद्ध ट्रेन संचालन की सेवाएं मिलती रहें।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

**कदम कदम पर**

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**

संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**

**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**

प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**

साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार
**एड.बी.एम.शर्मा**
**एड.आर.आर.शर्मा**
**एड.भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com

पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# मण्डलीय समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**आगरा : ७ अगस्त २०२२** ऑल इण्डिया महापदम नन्द कम्यूनिटी एजूकंटेड, ऐसोसिएशन मण्डल आगरा उ.प्र. की मण्डलीय समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आहार रस्स्टोरेंट, संजय प्लेस, आगरा में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षणकर्ता लखनऊ से पधारे श्रीमान भानू प्रताप जी ने समी पदाधिकारियों को संगठन का कार्य करने के तरीके एवं समाज को जागरूक करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और संगठन के महत्व एवं आवश्यकता की जानकारी दी।


आगरा फिरोजाबाद, मथुरा एवं मैनपुरी के सभी पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा राष्ट्रीय महासचिव मा. अवधाराज नन्द जी की।





कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री कमलेश कुमार नन्द जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला नन्द जी. जिलाध्यक्ष मथुरा श्री ब्रजपाल जी, आगरा जिलाध्यक्ष संजय वर्मा नन्दवंशी जी एवं जिलाकोषाध्यक्ष फिरोजाबाद योगेश श्रीवास्वत ने की, कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष एडवोकेट राहुल सविता नन्दवंशी, लोकेन्द्र वर्मा, अशोक वर्मा, डॉ दिनेश कुमार, कौशल कुमार, एडवोकेट अनिल विघौतिया, प्रवीन सिंगारिया, विजय प्रकाश वर्मा, कुलदीप सविता, नरेन्द्र नोहरवार, प्रदीप सविता, पवन कुमार ब्रजमोहन सविता, रामदेव वर्मा एवं सभी गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र सविता नन्दवंशी जी ने की।

## फर्जी लोन एप मामले में मुंबई पुलिस को तीन आरोपियों का रिमांड मिला



**मुंबई,** मुंबई के हाई प्रोफाइल होटल में एक अभिनेत्री की चीख से उसकी आबरू लुटने से बच गई। फिल्मों में काम दिलाने के नाम पर अभिनेत्री को हवस का शिकार बनानेवाले शहर के टॉप शेयर ब्रोकर को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल पीड़िता मॉडल भी है। फिल्मों में काम पाने के लिए स्ट्रगल कर रही है। आरोपी ने बड़े निमार्ता-निर्देशक की पहचान दिखाकर उसे काम दिलाने के लिए अंधेरी के होटल में बुलाया था, जहां उसने अभिनेत्री से दुष्कर्म करने की कोशिश की।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अभिनेत्री मुंबई के उपनगर में रहती है। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी शहर में एक टॉप का शेयर ब्रोकर है। बॉलीवुड में उसकी काफी जान-पहचान है। एक करीबी दोस्त की मदद से उसकी मुलाकात हुई थी। आरोपी ने फिल्मों में काम दिलाने का भरोसा दिलाते हुए शुक्रवार की रात एमआईडीसी के होटल में पीड़िता को खाने पर इनवाइट किया था।

# NIA ने दाउद इब्राहिम के करीबी सलीम फ्रूट को किया गिरफ्तार...!

### टेरर फंड जुटाने और धन उगाही का है आरोप

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्य सलीम कुरैशी उर्फ ह्यसलीम फ्रूटह्न को गिरोह की आतंकवादी गतिविधियों में कथित तौर पर मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया. एनआईए ने बयान जारी कर कहा कि गिरफ्तार किया गया सलीम कुरैशी भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील का करीबी सहयोगी रहा है. डी-कंपनी के सीईओ और गिरोह के सबसे भरोसेमंद लोगों में से एक के रूप में जाने जाने वाला कुरैशी, मुंबई सेंट्रल में अरब लेन, मीर अपार्टमेंट, एमटी अंसारी मार्ग में रहता था.



जांच एजेंसी ने 3 फरवरी को दाऊद इब्राहिम, उसके भाई अनीस और छोटा शकील सहित अन्य के खिलाफ हथियारों की तस्करी, नार्को-आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग, नकली भारतीय मुद्रा नोटों के प्रचलन और अवैध कब्जे या संपत्ति के अधिग्रहण में शामिल होने, आतंकी फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) और अल कायदा जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों के साथ सक्रिय सहयोग करने के आरोप में मामला दर्ज किया था. इससे पहले 12 मई को दो आरोपी आरिफ अबुबकर शेख और इस मामले में शब्बीर अबुबकर शेख को गिरफ्तार किया गया था. कुरैशी दाऊद गिरोह का एक करीबी सहयोगी है और संपत्ति के सौदे और विवाद निपटान के जरिए छोटा शकील के नाम पर भारी मात्रा में धन उगाहने करने में उसने सक्रिय भूमिका निभाई है. उसने डी-कंपनी की आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए आतंकी फंड जुटाने में भी सक्रिय भूमिका निभाई है.

## गोरखपुर से आए स्वजाती मेहमान का मुंबई में जे पी शर्मा ने किया भव्य स्वागत !



**मुंबई :** मुंबई अखिल भारतीय सविता महासंघ की तरफ पत्राचार ऑफिस भांडुप में गोरखपुर से मुंबई में आए अजय शर्मा समाजसेवी पूर्व प्रधान प्रत्यासी रानीपुर जगदीश श्रीराम शर्मा मोनू शर्मा ग्राम प्रधान आमटौरा राहुल शर्मा समाजसेवी ग्राम लुचली सहजनवा, बलिराम शर्मा समाज सेवक बनौरा गोरखपुर इन सभी अतिथियों का संस्था के अध्यक्ष श्री जेपी शर्मा ने सबको साल हार स्मृति चिन्ह से सभी लोगो का स्वागत किए सभी को समाज में सराहनीय योगदान के लिए प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य अनिल शर्मा अनन्त लाल नवनिश शर्मा लालचंद शर्मा छोटेलाल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



# अखिल महाराष्ट्र वैद्यकीय साहित्य सम्मेलन का आयोजन...!



**मुंबई:-** अखिल महाराष्ट्र वैद्यकीय साहित्य सम्मेलन का आयोजन पुष्पम लार्ड रिसार्ट,कर्जत पर उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस आयोजन में कल्चरल सेक्रेटरी डॉ रोहिणी बडवे, डॉ.रविन्द्र कोटे,डॉ मेघना जोशी,डॉ शोभा आहूजा, डॉ.सुहास पिंगले,डॉ केतन मेहता,डॉ सतीश माने,मुंबई के ख्यात नाम कवि,लेखक, गजलकार डॉ.मिलिंद सेजवल,डॉ. श्वेता सेजवल उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी डाक्टर्स ने अपनी रचनायें,कविता,गीत,गजल प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। डॉ मिलिंद



सेजवल ने अपनी कविता,गीत,गजल गाकर सबकी वाह वाही बटोरी।सभी डाक्टर्स ने इस तरह के आयोजन नियत कालिक रूप से आयोजित करते रहने पर अपनी सहमति जताई।

# विश्व स्तनपान संगोष्ठी का आयोजन

सीखड नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा मे 5 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम एवं मिशन शक्ति विशेष अभियान के संयुक्त तत्वाधान में गृह विज्ञान विभाग द्वारा एक संगोष्ठी एवं लघु नाटक का आयोजन किया गया जिसका विषय था मनुष्य के जीवन में प्रथम 1000 दिनों का महत्व इस संगोष्ठी की मुख्य वक्ता महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की




असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर पल्लवी मिश्रा थी। जिन्होंने बताया कि शिशु के लिए मां का दूध संपूर्ण पोषक आहार है एवं बच्चों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मां का दूध अनिवार्य होता है।समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० मृणालिनी सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर स्मिता गौतम ने दिया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक,कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



**लोक शाहीर साहित्य सम्राट आन्ना भाऊ साठे इन्हें अभिवादन करते हुए राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अशोक पवार, साथ में युवा कार्यकर्ता अनिल जी mhaske.**



**हम सभी नगरवासियों के दिलों की धड़कन कहे जाने वाले और गरीबों के मसीहा मा - डाक्टर श्री जितेन्द्र आव्हाड महाराष्ट्र सरकार में गृह निर्माण मंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभेच्छा देते हुए कलवा पूर्व के अलग अलग संस्था के लोग। इंदिरा नगर , शिवशक्ति नगर , घोलाई देबी नगर , आतकोनेश्वर नगर , पौंड पाडा के सभी, श्री बी पी शर्मा , जटाशंकर शुक्ला , मुन्ना पाल , महेंद्र चौधरी, फूलचंद यादव आदि लोगों ने उनके खुशहाल जीवन और स्वास्थ्य के लिए भगवान से प्रार्थना की तथा जन्मदिन पर हार्दिक शुभेच्छा दी।**

## भूमिगत पार्किंग प्लाजा को केवल लिफ्ट और फायर एनओसी मिलने का इंतजार...!

**ठाणे,** ठाणे रेलवे स्टेशन क्षेत्र में वाहन पार्किंग समस्या को समाप्त करने के लिए मनपा द्वारा बनाए जा रहे गांवदेवी भूमिगत पार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब इस भूमिगत पार्किंग प्लाजा को केवल लिफ्ट और फायर एनओसी मिलने का इंतजार है। इन दोनों की अनुमति मिलते ही भूमिगत पार्किंग प्लाजा को शुरू कर दिया जाएगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मौलिक अधिकार पार्टी का स्थापना दिवस




**(प्रेम प्रधान)**

**देवरिया ।** मौलिक अधिकार पार्टी इकाई देवरिया द्वारा 338पथरदेवा बिधानसभा के क्षेत्रीय कार्यालय पर पदाधिकारीयों व कार्यकताओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया ।स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के नीति को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय एक स्वर से लिया गया । पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी का सदस्यता अभियान चलाने के ही साथ ही उपसथित लोगों ने पार्टी की सदस्यता लेने के लिए आगे आए। इस दौरान सर्व सम्मति से डा. आर. के शर्मा को नगर अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने के लिए निर्णय लिया गया . मौलिक अधिकार पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रदीप शर्मा द्वारा ''संबिधान का मूल अधिकार जनता का'' पर प्रकाश डाला गया और लोगों को काफी जानकारी मिली जिससे उत्साह दिखा. इस अवसर पर भीम शर्मा . रामवतार बिश्वकर्मा . गोरख गोंड . डा आर के शर्मा . रामा नन्द यादव . रबिंन्द्र प्रताप शर्मा .नागेंद्र शर्मा. सतीश शर्मा. सत्यनरायण शर्मा. अर्जुन ठाकुर.मोहन शर्मा. प्रदीप शर्मा . संतोष कुमार राय . रामेश्वर शर्मा . जयप्रकाश कुशवाहा . बब्लू कनोजिया . दरोगा प्रसाद शर्मा . राधेश्याम बिश्वकर्मा .एम डी इस्माइल अंसारी .आर पी शर्मा . उमा शंकर सबिता . सुभाष कुशवाहा . ब्यास मल्ल सहित पार्टी के तमाम समर्थक उपस्थित रहे. समारोह की अध्यक्षता डॉक्टर आरके शर्मा और संचालन पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रदीप शर्मा ने किया ।

# मौलिक अधिकार पार्टी की स्थापना क्यों हुई

26 जनवरी 1950 को इस देश में भारतीय संविधान लागू हुआ जो प्रजातंत्रात्मक गणतंत्रात्मक संघात्मक शासन प्रणाली वाला है। संविधान का अनुच्छेद 51 में मानववाद लाने और वैज्ञानिकदृष्टि कोण अपनाने की बात संविधान कहता है संविधान मौलिक अधिकारों राज्य के नीति निर्देशक तत्वों मानव कर्तव्यों और मानव मूल्यों को लागू करने की गारंटी देती है परंतु सिद्धांतविहीन राजनीति के दुष्परिणाम के कारण राजनीतिक भ्रष्टाचार शासन से पनपता हुआ प्रशासनिक भ्रष्टाचार को निरंतर जन्म दे रहा है

शासन और प्रशासन के हित संबंध एक होकर जनता पर आर्थिक डकैती डाल रहे हैं राजनेता मालामाल नौकरशाह खुशहाल और जनता फटेहाल है जबकि जनता ही देश की मालिक है मतदाता ही सरकार है



**सन्तोष कुमार नन्द राष्ट्रीय सचिव मौलिक अधिकार पार्टी**

सांसद विधायक मंत्रीगण जनता के जनप्रतिनिधि हैं अधिकारी एवं कर्मचारी लोकसेवक है, जिसके कारण संविधान का निष्क्रियान्यवन करके शासन और सच्चा के लोग संविधान को नजरअंदाज कर रहे हैं संविधान की देश में संविधान ही समता मूलक समाज की स्थापना कर सकता है संविधान की रक्षा मौलिक अधिकार पार्टी का लक्ष्य है जिससे इस देश में जनता और सरकार के बीच की खाई को पाठा जा सके 70 वर्षों के बाद भी इस देश में संविधान का क्रियांवयन नहीं किया जा सका है, मौलिक अधिकार पार्टी ने व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प लिया है जिसके लिए संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों राज्य के नीति निर्देशक तत्वों मानव मूल्यों को नैतिकता के साथ पालन कराने हेतु दृढ़ प्रतिज्ञ है

प्रजातंत्र शासन प्रणाली में शासन (of the people ) जनता का (for the people ) जनता के लिए (by the people ) जनता के द्वारा चलता है जिसे सरकारों ने बदल कर (of the people ) जनता से अलग (for the people ) जनता से दूर (buy the people ) जन प्रतिनिधि खरीद फरोख्त वाला बना दिया है मौलिक अधिकार पार्टी पुनः भारत भारत में संविधान की मंसा के अनुरुप सरकार की स्थापना के लिए कटिबद्ध संकल्पबद्ध एवं दृढ़ प्रतिज्ञ है.





**मुंबई भाजपा ने जनरल पोस्ट ऑफिस (GPO) से १५००००/(डेढ़ लाख) राष्ट्रीय ध्वज आम नागरिकों को बाटने के लिए खरीदे। मुंबई भाजपा अध्यक्ष विधायक श्री मंगलप्रभात लोढ़ा जी के मार्गदर्शन में मुंबई भाजपा द्वारा घर घर में राष्ट्रीय ध्वज बाटने की व्यवस्था की जा रही हैं। भारत माता की जय!**

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 की महिला कुश्ती फाइनल में भारत की बेटी साक्षी मलिक को स्वर्ण पदक जीतने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हर हर महादेव



शुभेच्छुक
कदम कदम पर
परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com